नवभारत

ई, 23 मई 2021 मुंबई

भव्य होगी ठाकरे आर्ट गैलरी

MBMC ने किया ध्वस्त, आरक्षित भूखंड अतिक्रमण मुक्त

■ अरुण कुमार गुप्ता @ नवभारत

भायंदर. भायंदर पूर्व गोल्डन नेस्ट सर्कल के निकट बनने वाले स्व.बालासाहेब ठाकरे आर्ट गैलरी निर्माण का रास्ता साफ हो गया है. शनिवार को मीरा-भायंदर मनपा ने भारी पुलिस बंदोबस्त के बीच आरक्षित जमीन पर अतिक्रमण कर बने 45 झोपड़ों को ढहा दिया.

काफी समय से अधर में लटका था

यह तोड़ कार्रवाई मनपा आयुक्त दिलीप ढोले के आदेश पर उपायुक्त (अतिक्रमण विभाग) अजीत मुठे ने की. आरक्षित भूखंड को अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया जो काफी समय से अधर में लटका हुआ था. उल्लेखनीय है कि उपायुक्त मुठे शनिवार को भारी पुलिस बंदोबस्त के साथ पहुंचे और अवैध रूप से बने झोपड़ों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया.

20 मई को ही दे दी थी चाबियां

हालांकि तोड़े गए 45 में से 33 झोपड़ाधारकों को मीरारोड पूर्व पेणकर पाड़ा स्थित एमएमआरडीए की इमारत में 20 मई को ही घरों की चाबियां दे दी गई थीं.

राज्य सरकार ने दी 38 करोड़ की निधि को मंजूरी

शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक की मांग पर 8 नवंबर 2017 को एक विशेष महासभा में मनपा के आरक्षण क्रमांक 122 के भूखंड पर सर्वसम्मति से स्व. बालासाहेब ठाकरे आर्ट गैलरी बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसे 24 सितंबर 2018 को नगररचना विभाग ने मंजूरी प्रदान की थी. इसके बाद इस नक्शा को अंतिम मंजूरी के लिए राज्य सरकार के पास भेजा गया था. जिसे 21 सितंबर 2020 को राज्य सरकार ने भी अपनी अनुमति प्रदान कर दी थी. साथ ही राज्य सरकार ने भव्य आर्ट गैलरी निर्माण के लिए 38 करोड़ रुपये की निधि को भी मंजूरी दी है. इसके बाद मनपा प्रशासन ने इस आरक्षित भूखंड पर आर्ट गैलरी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना शुरू किया.

पात्र झोपड़ाधारकों को घर मिले

आजाद नगर के गोल्डेन नेस्ट सर्कल के पास आरक्षित भूखंड क्र.122 पर अतिक्रमण कर झोपड़े बनाए गए थे. झोपड़ाधारकों ने कोर्ट में दावा दाखिल किया था, लेकिन मनपा के विधि विभाग की अधिकारी सई वड़के ने सार्वजनिक निर्माण विभाग की मदद से सभी आवश्यक कागज पत्रों के माध्यम से मनपा का पक्ष न्यायालय के समक्ष मजबूती से रखा, जिससे झोपड़ाधारकों को मनपा की नोटिस पर स्थगन आदेश नहीं मिल सका.

45 झोपड़े बने थे रोड़ा, मनपा ने ढहाए

33 झोपड़ाधारकों को नए घरों की चाबियां दी गई

बैठक कर की सुनवाई

बाद में मनपा ने झोपड़ाधारकों के साथ बैठक की तथा सुनवाई हुई. उसमें से पात्र 33 झोपड़ाधारकों को सार्वजनिक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता सुरेश वाकोडे ने पेणकर पाड़ा स्थित एमएमआरडीए की इमारत में बने फ्लैटों की चाबियां सौंपी.

कार्टून और चलचित्र

मनपा के जनसंपर्क अधिकारी राज घरत ने आर्ट गैलरी पर प्रकाश डालते हुए इसकी खुबियों का वर्णन किया. उन्होंने बताया कि बाला साहेब ठाकरे से जुड़ी सभी यादों को इस आर्ट गैलरी में दर्शाया जाएगा. बाला साहेब के बनाए हुए कार्टून और सभी चीजें चलचित्र जैसी दिखेंगी. जैसे शेर की बनी हुई पेंटिंग, ऐसा प्रतीत होगी कि जंगल में कोई शेर भाग रहा है. आर्ट गैलरी में ऐसा महसूस होगा कि बाला साहेब ठाकरे बातें कर रहे हैं.